गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने लाहौल और स्पीति में एक बचाव अभियान चलाने के लिए भारत तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) की माउंटेन रेस्क्यू टीम की सराहना की

अपने बहादुर हिमवीरों पर गर्व है-गृह मंत्री

ITBP टीम के सदस्य 14,800 फीट की चढ़ाई कर अपनी जान जोखिम में डालते हुए एक अमरीकी नागरिक का पार्थिव शरीर वापस लेकर आए जिनकी पैराग्लाइडिंग करते हुए एक दुर्घटना में मौत हो गई थी

मानवता के प्रति ITBP का समर्पण प्रशंसनीय है – श्री अमित शाह

प्रविष्टि तिथि: 18 JUN 2024 1:32PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने लाहौल और स्पीति में एक बचाव अभियान चलाने के लिए भारत तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) की माउंटेन रेस्क्यू टीम की सराहना की है।

X प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में श्री अमित शाह ने कहा कि हमें अपने बहादुर हिमवीरों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि ITBP की माउंटेन रेस्क्यू टीम ने हाल ही में लाहौल और स्पीति की दुर्गम चोटियों पर एक चुनौतीपूर्ण खोजी अभियान चलाया और एक अमरीकी नागरिक का पार्थिव शरीर वापस लेकर आए जिनकी पैराग्लाइडिंग करते हुए एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। श्री शाह ने कहा कि स्थानीय प्रशासन के अनुरोध पर ITBP टीम के सदस्य 14,800 फीट की चढ़ाई कर अपनी जान जोखिम में डालते हुए मानवता की भावना दिखाते हुए पार्थिव शरीर को वापिस लाए। श्री शाह ने कहा कि मानवता के प्रति ITBP का समर्पण प्रशंसनीय है।

Amit Shah @AmitShah · Follow

X

Proud of our brave Himveers.

The ITBP Mountain Rescue Team recently undertook a challenging search operation on the high mountain cliffs in Lahaul & Spiti and recovered the body of an American citizen who lost his life in an accident while paragliding. At the request of the... Show more

ITBP @ITBP_official

The remains of 31-year-old American paraglider Mr. Bockstahler Trevor, missing near Kaza in Lahoul & Spiti, were brought down from 14800 feet by #ITBP mountaineers after one of the most challenging #RescueMission that lasted more than 48-hours. SDRF and police assisted.#Himveers

12:04 PM · Jun 18, 2024

7.1K Reply Share

Read 228 replies

*****

आरके / वीवी / आरआर / पीएस

(रिलीज़ आईडी: 2026083) आगंतुक पटल : 215

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Hindi_MP , Marathi , Assamese , Punjabi , Gujarati , Tamil , Telugu , Kannada